कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2023 / 4710 रायपुर, दिनांक 22-09-23

प्रेस विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) एवं कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल / सिविल / इलेक्ट्रॉनिक्स) भर्ती परीक्षा 2023 (EBJE23) के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर, (छ.ग.) के पत्र क्र. 01–01 / भर्ती / 2023 / 4372 / रायपुर, दिनांक 24.08.2023 एवं पत्र क्र. 01–01 / भर्ती / 2023 / 4545 / रायपुर, दिनांक 31.08.2023 द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सहायक अभियंता (इलेक्ट्रीकल) एवं कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रीकल / सिविल / मैकेनिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स के रिक्त पदों पर भर्ती परीक्षा 2023 के ऑनलाइन आवेदन देने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के पश्चात् उसी प्रोफाइल पर लॉगिन कर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे –

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	22.09.2023 (शुक्रवार)
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	–	14.10.2023 (शनिवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3.	त्रुटि सुधार	–	15.10.2023 से 17.10.2023 तक
4.	परीक्षा केन्द्र :	–	08 जिला मुख्यालयों में ।

<u>उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी की बजट सत्र के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप एवं लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क के सम्बंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के सम्बंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10–2 / 2022 / एक(1), दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा ।</u>

इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर उपलब्ध है।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर